RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 06 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 46 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 24 तरीकों से मुंबई में पर्यावरण संकट दूर करेगी बीएमसी

# खर्च करेगी 4287 करोड़ रुपये...



**बीएमसी बसों को इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील किया जाएगा**

**मुंबई:** वायु प्रदूषण संकट का सामना कर रहे मुंबईकरों को राहत देने के लिए बीएमसी ने एक मास्टर प्लान बनाया है। बीएमसी ने 24 ऐसे पॉइंट खोजे हैं, जिनके जरिए मुंबई में पर्यावरण की समस्या दूर की जा सकेगी। इनमें शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म की योजनाएं हैं। इनमें ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम, रोड ट्रैफिक सिग्नल, नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, एयर क्वालिटी, वेस्ट प्रॉसेसिंग यूनिट, सोलर एलईडी आदि शामिल हैं। क्लाइमेट ऐक्शन प्लान के तहत पर्यावरण की समस्या से निपटने के लिए बीएमसी इन योजनाओं पर 4287 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह सभी योजनाएं वर्ष 2023 से वर्ष 2025 के बीच पूरी की जाएंगी। बीएमसी के जॉइंट कमिश्नर रमेश पवार ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या है।

इसके लिए बीएमसी ने शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म पॉलिसी बनाई है। इसके जरिए योजनाओं को लागू कर धीरे-धीरे स्थिति में सुधार लाया जाएगा। मुंबई में हजारों बेस्ट बसें चलती हैं। इन्हें धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील किया जाएगा। पहले चरण में 2100 सिंगल डेकर और 200 डबल डेकर बसें शामिल की जाएंगी। इन पर बीएमसी 900 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

**कचरे की प्रॉसेसिंग पर 1031 करोड़ होंगे खर्च**

मुंबई में सी ऐंड डी वेस्ट प्रॉसेसिंग प्लांट की स्थापना और कमीशनिंग की जाएगी। सिटी और ईस्टर्न सबर्ब में कचरे की प्रॉसेसिंग की जाएगी। यह प्लांट नवी मुंबई में लगाया जाएगा। इस पर 1031 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वेस्टर्न सबर्ब के लिए एक अलग प्लांट गोराई में लगाने की योजना है। इस पर 1024 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आउटडोर डस्ट मिटिगेशन यूनिट मुंबई में 5 स्थानों पर लगाई जाएगी। इस पर 27 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इलेक्ट्रिक स्वीपिंग मशीन से साफ-सफाई का काम किया जाएगा। इसके लिए 48 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। कचरे से बिजली बनाने की योजना आगे बढ़ रही है। 600 मीट्रिक टन कचरे की प्रतिदिन प्रॉसेसिंग होगी।

### 70 स्थानों पर लगाया जाएगा एफएटीसी

**मुंबई में फुली एडॉप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम (एफएटीसी) को 70 स्थानों पर लगाने की योजना है। 26 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बीएमसी को उम्मीद है कि इस सिस्टम से सिग्नल पर गाड़ियों को रुकना नहीं पड़ेगा। मुंबई में अभी 652 सिग्नल जंक्शन हैं। इनमें से 394 सिग्नल जंक्शन फिक्सड टाइम मोड में काम करते हैं। 258 सिग्नल एरिया ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम के तहत काम करते हैं। मुंबई में बीएमसी 5 स्थानों पर एअर क्वालिटी मॉनटरिंग सिस्टम लगाएगी। इस पर करीब 7 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मुंबई में कचरे के निस्तारण के लिए 8 स्थानों पर वेस्ट प्रॉसेसिंग यूनिट लगाई जा रही है। इस पर बीएमसी 21 करोड़ रुपये खर्च कर रही है।**

## फ्लैट में मिला व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव, पुलिस कर रही मामले की जांच



**मुंबई :** मुंबई पुलिस को रविवार को मलाड के एक फ्लैट के अंदर एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिला। फ्लैट से दुर्गंध आने के बाद घटना का पता चला, जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाम को जब पुलिस फ्लैट में दाखिल हुई तो वह व्यक्ति बिस्तर पर मृत पाया गया। अधिकारी ने कहा कि शव पिछले तीन दिनों से फ्लैट के अंदर पड़ा हुआ है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शरीर पर चोट के निशान तो नहीं हैं। अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज किया जा रहा है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

## 10 जून तक महाराष्ट्र में पहुंचेगा मानसून

# कई जिलों हुई प्री-मानसून बारिश



**मुंबई :** जून का महीना शुरू होते ही हर कोई बारिश का बेसब्री से इंतजार करने लगता हैं। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, सोमवार 5 जून को मानसून केरल में प्रवेश करेगा और 10 जून को महाराष्ट्र में मानसून पहुंचेगा। फिलहाल सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि हमें गर्मी की तपिश से कब राहत मिलेगी। पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र और देश में बढ़ रही गर्मी से नागरिक बेहाल हैं। ऐसे में अब सभी को बारिश का इंतजार है। मानसून अब अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसूनी हवाएं दक्षिण अरब सागर के साथ-साथ बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में धीमी गति से चल रही हैं और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तक पहुंच रही हैं। केरल में मानसून 5 जून को प्रवेश करेगा। पिछले दो दिनों के दौरान मानसूनी हवाएं दक्षिण अरब सागर के कुछ हिस्सों के साथ बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से में पहुंच गई है। इसके साथ, मानसूनी हवाएं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बाकी हिस्सों और श्रीलंका, मालदीव, कोमोरोस के भाग को कवर करती हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, मानसून अब तेज गति से आगे बढ़ रहा हैं, जिससे मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। तो कभी बारिश होती है तो कभी तेज धूप। मानसून के 10 जून को महाराष्ट्र में प्रवेश करने की संभावना है। महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून बारिश शुरू हो गई है। ऐसे में अब अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले हफ्ते से प्रदेश में बारिश शुरू हो जाएगी। महाराष्ट्र सहित देश के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून बारिश शुरू हो गई हैं। मराठवाड़ा और विदर्भ में बिजली चमकने के साथ प्री-मानसून बारिश आ गई है।

## वसई में मजदूर ने की ठेकेदार के भाई की हत्या...!

### 12 घंटे में आरोपी गिरफ्तार




**नालासोपारा :** वसई के सनसिटी स्थित एक इमारत में चल रहे पत्रा शेड निर्माण कार्य के अंदर शनिवार की मध्य रात्रि ठेकेदार के भाई मोईन मोहम्मद (38) की हत्या कर फरार आरोपी बिहार भागने के प्रयास में था, लेकिन आरोपी को बिहार भागने से पहले ही पुलिस ने महज 12 घंटे के अंदर ही लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गिरफ्तार कर लिया हैं। ठेकेदार आवेश फारूख मोहम्मद (35) ने कासा द तेरेजा नामक इमारत के अंदर पत्रा शेड निर्माण कार्य का ठेका लिया है। इसी स्थान पर आरोपी अरबाज आलम मजदूरी का काम करता था। उसी ने ठेकेदार के भाई मोईन महम्मद की शनिवार की मध्य रात्रि सिर पर लकड़ी की फल्ली से वार कर उसकी हत्या कर दी है। माणिकपुर पुलिस ने रविवार की सुबह हत्या का मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस टीम में महज 12 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है।

माणिकपुर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संपतराव पाटील ने बताया कि आरोपी अरबाज आलम (25) को ठेकेदार ने संपूर्ण तनख्वाह के पैसे में से कम दिए थे। इसी बात से गुस्से में आकर उसने ठेकेदार के भाई मोईन मोहम्मद के चेहरे, गले और सिर पर लकड़ी की फल्ली से मार कर उसकी हत्या कर फरार हो गया था। आरोपी बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन उसके भागने से पहले ही पुलिस टीम ने उसे लोकमान्य तिलक टर्मिनल से ही गिरफ्तार कर लिया।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बड़ी अर्थव्यवस्था

अपने शासन के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने पर यदि मोदी सरकार अपनी उपलब्धियों को जोर-शोर से रेखांकित कर रही है तो इसीलिए कि उसने इस अवधि में बहुत कुछ कर दिखाया है। इन नौ वर्षों में विकास की विभिन्न योजनाओं ने जहां देश की तस्वीर बदलने का काम किया है, वहीं जनकल्याणकारी योजनाओं ने जनता को लाभान्वित करने के साथ अपनी छाप भी छोड़ी है। विपक्षी दल और मोदी सरकार की रीति-नीति से असहमत लोग कुछ भी दावा करें, इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता कि उसने अपनी योजनाओं का क्रियान्वयन कहीं बेहतर तरीके से किया है। कुछ योजनाओं ने तो मिसाल कायम की है, जैसे कि उज्ज्वला गैस सिलेंडर और जन-धन योजना। इन योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन को बदलने का काम किया है। इन नौ वर्षों में देश में आधारभूत ढांचे का भी उल्लेखनीय और कुछ क्षेत्रों में तो अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश के प्रत्येक हिस्से में आधारभूत ढांचे का जिस तेजी से विकास होता दिख रहा है, उसकी कोई भी अनदेखी नहीं कर सकता। सड़क, पुल, हवाई अड्डे, रेल मार्ग आदि जिस द्रुत गति से निर्मित हो रहे हैं, वे देश की तस्वीर बदलने का काम करने के साथ लोगों के दैनिक जीवन को सुगम भी बना रहे हैं। ये निर्माण कार्य आत्मनिर्भर भारत की कहानी भी बयान कर रहे हैं और लोगों में यह भरोसा भी जगा रहे हैं कि भारत विकसित देश बनने की राह पर है।

बीते नौ वर्ष में मोदी सरकार ने ऐसे कुछ कार्य किए हैं, जो एक समय अकल्पनीय माने जाते थे, जैसे कि जम्मू-कश्मीर के विभाजनकारी और अलगाववाद को बल देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा। यह मोदी सरकार के सबसे साहसिक फैसलों में से एक था। मोदी सरकार जहां घरेलू मोर्चे पर बहुत कुछ अर्जित करने में सफल रही, वहीं अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भी उसने अपनी नीतियों से छाप छोड़ी। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि एक उभरते हुए ऐसे सक्षम देश की है, जो विश्व की समस्याओं के समाधान में सहायक है। यही कारण है कि प्रत्येक देश भारत से संपर्क-संवाद का इच्छुक है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की महत्ता इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि वह विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। विशेष बात यह है कि वह सबसे तेज आर्थिक विकास वाला देश है और विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। अपनी तमाम उपलब्धियों के बाद भी मोदी सरकार को कुछ मोर्चों पर अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है, जैसे कि देश को न्यायिक सुधारों की अभी भी प्रतीक्षा है। नि:संदेह प्रशासनिक सुधार भी अपेक्षित हैं। प्रशासनिक सुधारों को इसलिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि देश की जनता को रोजमर्रा के भ्रष्टाचार से राहत नहीं मिली है। इसी तरह मोदी सरकार को बेरोजगारी के मोर्चे पर भी मुस्तैदी दिखाने की आवश्यकता है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 12 करोड़ रुपये की सड़क
## एक साल से पड़ी है बेकार

**मुंबई:** घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड फ्लाईओवर की नई शाखा खोले जाने के लगभग दो साल बाद, ओवरहेड हाई-टेंशन तार की उपस्थिति के कारण भारी वाहन इसका उपयोग नहीं कर सकते। देवनार डंपिंग ग्राउंड और फ्लाईओवर के बीच लिंक का निर्माण अतिरिक्त धन का उपयोग करके किया गया था, ताकि शहर के कचरे को डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाने वाले मुख्य रूप से ठोस अपशिष्ट डम्परों को कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके। पुल को 2021 में यातायात के लिए खोला गया था। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने लगभग 250 मीटर लंबे कनेक्टर के लिए फ्लाईओवर का निर्माण करते समय अतिरिक्त 11 करोड़ रुपये खर्च किए.

पूर्व नगरसेवक और समाजवादी पार्टी के विधायक, रईस शेख ने कहा, ''मैंने डंपिंग ग्राउंड के लिए एक कनेक्टर बनाने का सुझाव दिया था क्योंकि गोवंडी-मानखुर्द के निवासी कचरा कम्पेक्टर के कारण बदबू की शिकायत करते हैं जो क्षेत्र में यातायात की गति को भी बाधित करता है। लेकिन हाईटेंशन तार के कारण भारी वाहनों को सड़क पर चलने की अनुमति नहीं दी जा रही है और बीएमसी इस मुद्दे को हल करने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है. स्थानीय निवासी फैयाज आलम शेख ने कहा कि वे हाईटेंशन तार के संबंध में और कनेक्टर



रोड के किनारे शोर करने वालों की स्थापना के लिए लगातार अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं. ''बीएमसी अधिकारियों ने हमें हाल ही में बताया कि तार की ऊंचाई बढ़ाने का काम जल्द ही किया जाएगा। वे कमला रमन नगर में घरों के करीब से गुजरने वाले कनेक्टर के साथ शोर अवरोधों को खड़ा करने के लिए एक व्यवहार्यता अध्ययन भी कर रहे हैं,'' उन्होंने कहा.

फैयाज के मुताबिक, कनेक्टर रोड बंद होने के कारण वहां पत्थर और मलबा डाले जाने की भी घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा, ''कनेक्टर रोड को खोलना बहुत फायदेमंद होगा, विशेष रूप से कचरे के डम्पर और कॉम्पैक्टर क्षेत्र में उच्च गति से चलते हैं, जो एक सुरक्षा मुद्दा है। बीएमसी पुल विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि निकाय अधिकारी इस मुद्दे से अवगत हैं और मानखुर्द में हाई-टेंशन तार की ऊंचाई बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। ''हाल ही में, स्लम पुनर्विकास प्राधिकरण ने अतिरिक्त पोल बनाने के लिए भूमि आवंटित करने पर सहमति व्यक्त की। हमें उम्मीद है कि इस मुद्दे को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा,'' अधिकारी ने कहा। सूत्रों के मुताबिक, घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड फ्लाईओवर परियोजना की मूल लागत 467 करोड़ रुपये थी। हालांकि, जब तक यह पूरा हुआ, लागत बढ़कर 732 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें से लगभग 11 करोड़ रुपये कनेक्टर पर खर्च किए गए।

## आश्रम में तोड़फोड़ के एक मामले में NCP नेता दोषी करार, पांच लाख का मुआवजा देने का दिया आदेश

**ठाणे,** जिले की एक अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एक नेता को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने



NCP नेता आशीष आनंद दामले को 2015 में एक आश्रम में तोड़फोड़ करने और उसमें रहने वाले लोगों पर हमला करने के मामले में दोषी ठहराया है. कल्याण अदालत के सत्र न्यायाधीश शौकत एस गोरवाडे ने ठउढ की बदलापुर शहर इकाई के अध्यक्ष आशीष आनंद दामले को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147 (दंगा), 323 (जानबूझकर से चोट पहुंचाना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया है।

कोर्ट ने एक बार सजा सुनाने के बजाय 25 मई को दिए अपने आदेश में निर्देश दिया है कि आरोपी को 15,000 रुपए के मुचलके और 15,000 रुपये की जमानत राशि पर रिहा किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि तीन साल की अवधि के दौरान दोषी को कभी भी सजा दी जा सकती है। अदालत ने आगे निर्देश दिया है कि आरोपी संपत्ति को हुए नुकसान के लिए आश्रम के केयरटेकर को एक महीने के भीतर 5 लाख रुपये का मुआवजा भी दें। इसके अलावा न्यायाधीश ने 18 अन्य लोगों को बरी कर दिया है, जिन पर ठउढ नेता के साथ मुकदमा चलाया गया था. अभियोजन पक्ष के अनुसार, 2 जून 2015 को NCP नेता आशीष आनंद दामले ने एक भीड़ के साथ अंबरनाथ में साधना मठ के संरक्षक और अन्य लोगों के साथ मारपीट की थी और इस दौरान उन्होंने वहां तोड़फोड़ भी की थी। अदालत ने कहा कि आशीष आनंद दामले अपने सहयोगियों के साथ गैरकानूनी संगठन बनाने और आपराधिक अतिचार करने, दंगा करने, स्वेच्छा से चोट पहुंचाने और अन्य मामलों में दोषी था.



## सचिन पायलट के सहयोगी अशोक गहलोत की करने लगे तारीफ, चल दी राजस्थान के जादुगर ने चाल?

सीएम अशोक गहलोत सरकार के मंत्री हेमाराम चौधरी का ये बयान सुनकर आप भी आशचर्यचकित हो रहे होंगे कि मात्र 15 दिनों में ऐसा क्या हुआ कि मंत्री जी सीएम गहलोत के मुरीद हो उठे. राजस्थान कांग्रेस में पायलट वर्सेज गहलोत की सियासी उठापटक में हमेशा सचिन पायलट के साथ खड़े होने वाले मंत्री हेमाराम चौधरी 2 जून को सीएम गहलोत की तारीफ करते नजर आए.

दरअसल राजस्थान में चुनावी साल होने के कारण सीएम गहलोत पूरे प्रदेश का दौरा कर रहे हैं.इस दौरान सीएम गहलोत आम जनता से भी मिलते हैं और महंगाई राहत शिविर का भी निरीक्षण करते हैं. इसी सिलसिले में अपने दो दिवसीय बाड़मेर दौरे पर पहुंचे सीएम गहलोत ने महंगाई राहत शिविर का भी निरीक्षण किया और साथ ही साथ पश्चिमी राजस्थान में एक बड़ी जनसभा को भी संबोधित किया. इस दौरान पायलट खेमे के मंत्री हेमाराम चौधरी,पंजाब प्रभारी हरीश चौधरी और जिले के बड़े नेता मौजूद थे.जहां मंत्री हेमाराम चौधरी ने बजट को लेकर सीएम अशोक गहलोत की जमकर तारीफ की.




# पर्यावरण प्रेम ऐसा कि लगा दिए 13 लाख पौधे, कंकरीट, डंपिंग ग्राउंड और बंजर जमीनों पर लहराई हरियाली

**मुंबई:** 2030 तक 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे प्रदीप त्रिपाठी अब तक करीब 13 लाख पौधे लगा चुके हैं। मियावाकी पद्धति से अर्बन फॉरेस्ट तैयार कराने वाले प्रदीप फिलहाल नवी मुंबई और पुणे मनपा के साथ बायोडायवर्सिटी पार्क बनाने में जुटे हुए हैं। मुंबई, नवी मुंबई, पुणे, मीरा-भाईंदर समेत कई अन्य शहरों में अर्बन फॉरेस्ट लगाने वाले प्रदीप की सबसे बड़ी सफलता 'ज्वेल ऑफ नवी मुंबई' है। कुछ साल पहले तक डंपिंग ग्राउंड बन चुके प्लॉट पर आज करीब 1.3 लाख पौधे पेड़ गए हैं, अब इसकी पहचान सबसे बड़े अर्बन फॉरेस्ट के रूप में होती है। राम मंदिर में रेलवे, मालाड में डिफेंस की खाली जमीन को भी वो हरा-भरा बना चुके हैं। गौरतलब है कि जापान की तर्ज पर शहरों में घने जंगल बनाने वाली मियावाकी पद्धति को मनपाओं द्वारा तेजी से अपनाया जा रहा है.





कभी गिफ्टिंग का बिजनेस करने वाले प्रदीप को अपने काम से संतुष्टि नहीं मिल रही थी। इसके बाद क्लाइंट को खुश करने वाले प्रदीप खुद को खुश करने में जुट गए। फिर उन्होंने गणेशोत्सव के दौरान मिट्टी की मूर्तियों को लेकर मुहिम चलाई। अच्छा प्रतिसाद भी मिला, लेकिन एक महीने बाद फिर आगे की योजनाओं का सवाल खड़ा हो गया। प्रदीप ने ग्रीन यात्रा एनजीओ का गठन किया। शुरूआत में लोगों के बीच पर्यावरण को जागरूक करने की मुहिम शुरू की। फिर पौधे लगाए, उनका रख-रखाव किया और कुछ ही सालों में वे अर्बन फॉरेस्ट एक्सपर्ट बन गए। मध्य प्रदेश के प्रदीप की टीम में आज 25-30 लोग जुड़ चुके हैं। संतुष्टि के लिए पर्यावरण का काम करने वाले प्रदीप ने घर चलाने के लिए कंसल्टेंसी को अपना पेशा बनाया है, जहां वे जमीन मालिकों को जमीन उपजाऊ करने के तरीके बताते हैं. देश भर की कई मनपाओं के साथ काम कर चुके प्रदीप कहते हैं कि लोग शहर में बेहतर जीवन जीने के लिए गांवों से आते हैं, लेकिन यहां का जीवन बदतर है। इसलिए ही हमारा पूरा ध्यान शहर और आसपास के इलाकों में हरियाली बढ़ाने पर है। अब हम अर्बन फॉरेस्ट के बाद बायोडायवर्सिटी पार्क बना रहे हैं। जहां विविधता को बढ़ावा देने की हमारी कोशिश है। हमारा लक्ष्य शहरों को बेहतर और हेल्दी बनाने का है.

# महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में भयानक सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत... एक गंभीर रूप से घायल




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक भयानक बस हादसा हुआ है। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने जानकारी दी कि बस और कार के बीच टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह सड़क हादसा चंद्रपुर के नागभीड़-नागपुर मार्ग पर कान्पा गांव के पास हुआ। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही नागभीड़ पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने जानकारी दी कि दुर्घटना जिला मुख्यालय से करीब 115 किलोमीटर दूर नागभीड़ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कनपा गांव में शाम करीब चार बजे हुई। पुलिस ने आगे जानकारी दी कि एक लड़की और एक महिला को गंभीर चोटें आईं और उन्हें नागभिद ग्रामीण अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उनमें से महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# अमित शाह से मुलाकात के बाद सीएम शिंदे ने किया ट्वीट,

## कहा- संयुक्त रूप से लड़ेंगे सभी आगामी चुनाव



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप-मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की। इस दौरान आगामी चुनाव, महिला सशक्तिकरण, अन्य क्षेत्रों में चल रहे प्रोजेक्ट आदि को लेकर चर्चा की गई है। इस बात की जानकारी सीएम शिंदे ने ट्वीट कर के दी है. रविवार की रात हुए बैठक के बाद सीएम शिंदे ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए कहा, ''कल, रविवार की रात, मैं और उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस दिल्ली में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मिलें। हमने कृषि, सहकारिता विभाग से जुड़े विभिन्न मामलों पर चर्चा की।'' उन्होंने लिखा, ''राज्य में किसान और महिला सशक्तिकरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम चल रहा है और कई रुके हुए प्रोजेक्ट पूरे हुए हैं। प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहा है, केंद्रीय सहकारिता मंत्री से हमने यह मुलाकात इसलिए की, ताकि हमें शाह से हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहता है. साथ ही उन्होंने कहा, ''इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शिवसेना और भाजपा राज्य में आगामी सभी चुनाव (लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकायों के चुनाव सहित) संयुक्त रूप से लड़ेंगी। महाराष्ट्र के विकास के लिए हमारा गठबंधन मजबूत है और पिछले 11 महीनों से हमने विकास के कई फैसले लिए हैं और उन्हें लागू किया है, रुकी हुई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। भविष्य में हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे और बहुमत से जीत कर महाराष्ट्र को देश में सभी क्षेत्रों में नंबर एक राज्य बनाएंगे, विकास की दौड़ जारी रखेंगे।'' उन्होंने सीएम शिंदे और गृह मंत्री अमित शाह की इस मुलाकात पर ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने शिंदे और महाराष्ट्र सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, ''पहले आलाकमान महाराष्ट्र में थे, लेकिन अब शिंदे का आलाकमान दिल्ली में है। वह बाला साहेब और शिवसेना की बात करते हैं, लेकिन दिल्ली में 'मुजरा' करते हैं। असली शिवसेना कभी किसी के आगे नहीं झुकी। एक साल हो गया, लेकिन कैबिनेट विस्तार नहीं हुआ, इससे पता चलता है कि यह सरकार जा रही है.

# कौन हैं अतीक-अशरफ अहमद के हत्याकांड का मास्टमाइंड?

## 50 दिन बाद भी नहीं खुले कई राज

पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ अहमद की हत्या के 50 दिन पूरे हो गए हैं. हालांकि इस हत्याकांड के 50 दिन बाद भी हत्या का मोटिव यानी मकसद पुख्ता तौर पर साफ नहीं हुआ है. इस हत्याकांड के बाद से यूपी पुलिस लागातार सवालों के घेरे में रही है. अतीक और अशरफ की हत्या 15 अप्रैल की रात प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल में पुलिस कस्टडी में की गई थी. इनको कॉल्विन हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप के लिए लाया गया था. इसी दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस हत्याकांड के तीनों आरोपियों को घटना स्थल से ही गिरफ्तार कर लिया गया. घटना स्थल पर ही शूटर लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी सिंह पकड़े गए थे.



हालांकि सूत्रों का दावा था कि अपराध की दुनिया में नाम कमाने के लिए उन्होंने यह वारदात की है. लेकिन शूटरों के इस दावे पर किसी को भी यकीन नहीं हो रहा है. जबकि पुलिस की जांच भी अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है. पुलिस तमाम दावों के बीच कई एंगल से इस हत्याकांड की जांच कर रही है.

हालांकि ये पूरा हत्याकांड पुलिस टीम और मीडिया के कैमरों के सामने अंजाम दी गई थी. इस हत्याकांड के पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए थे. उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स भी अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की लगातार जांच कर रही है. गौरतलब है कि अतीक अहमद और अशरफ की हत्या पत्रकार के रुप में आए तीन हमलावरों ने की थी. अतीक और अशरफ को पूछताछ के लिए प्रयागराज लाया गया था. इन दोनों से उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ हो रही थी. बता दें कि उमेश पाल और उनके दो गनर्स की हत्या बीते 24 फरवरी को कर दी गई थी.




# मुम्बई में ज्वेलर्स को लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## सोने के बिस्किट... डायमंड और 18 लाख नकद बरामद

**मुंबई :** बीकानेर संभाग में रविवार को पुलिस ने वांछित बदमाशों और उनके सहयोगियों की नींद उड़ा दी। 587 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की 126 टीमों ने कुल 334 स्थानों पर दबिश देकर 250 वांछित बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें बड़ी उपलब्धि यह रही कि मुम्बई में ज्वैलर्स को लूटने वाले दो बदमाश मनोज नेहरा पुत्र जैतसिंह जाट, निवासी सीकर और महेंद्र सारण पुत्र चंदनमल जाट निवासी सरदारशहर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 करोड़, 62 लाख रुपए की लूट का माल, जिसमें सोने के बिस्किट, जेवरात, डायमंड और 18 लाख रुपए नकद बरामद कर लिए।



आरोपियों से करीब एक किलो सोना, 600 ग्राम सोने के जेवरात, 16 डायमंड, नीलम और माणक रत्नों की बरामदगी की। आईजी ओम प्रकाश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी गैंगस्टर आनंदपाल और रोहित गोदारा के सदस्य रहे हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को करीब आठ घंटे चले सर्च अभियान में संभाग के 250 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी मिली है, जिसमें पांच स्थाई वारंटी, अनुसंधान में वांछित 4 आरोपी, झगड़ा कर रहे 118, अवैध हथियार रखने वाले तीन बदमाश तथा 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 36 लीटर अवैध शराब और 110 लीटर हथकढ़ शराब जब्त की है। इसी प्रकार 6 आरोपियों के कब्जे से 45.900 किलो डोडा पोस्त, 250 ग्राम अफीम व 55.20 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। कार्रवाई में 23 वाहनों को भी जब्त किया गया। एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा, दिनेश एमएन के निर्देशन में लगातार बदमाशों के खिलाफ धरपकड़ कार्रवाई की जा रही है।

**मनोज के खिलाफ आठ और महेंद्र पर एक संगीन आरोप**

आईजी ओम प्रकाश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज नेहरा के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में आठ आपराधिक मामले दर्ज है। उसने महेंद्र बासनी के साथ मिलकर वर्ष 2010 में बीरबल बासनी की हत्या की थी। इसके बाद दिसंबर 2020 में वह जेल से बाहर आ गया। इसके बाद गैंगस्टर आनंदपाल द्वारा बीकानेर जेल में वर्ष 2014 में किए गए जयप्रकाश व रामपाल की हत्या करने का सह आरोपी रहा है। वह 2021 में चौमू निवासी अर्जुन सोनी के ज्वैलरी शोरूम पर हुई डकैती में भी शामिल था। वर्ष 2021 से अपने साथी सुरेंद्र के साथ मिलकर मनोज नेहरा डोडा पोस्त की तस्करी में शामिल था। मनोज नेहरा गैंगस्टर आनंदपाल का खास सहयोगी रहा है। वहीं आरोपी महेंद्र सारण के खिलाफ सरदारशहर पुलिस थाने में एक संगीन मामला दर्ज है।

## युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में प्रेमी गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के बीकेसी इलाके में एक युवती द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने के बाद उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 23-वर्षीय युवक और उसकी बहन को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 19 वर्षीय युवती ने पिछले महीने आत्महत्या कर ली थी, क्योंकि आरोपी युवक ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने बताया, '10 दिनों के इलाज के बाद सायन अस्पताल में उसकी मौत हो गई। हमें एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें युवती ने कहा कि अगर उसे कुछ होता है तो उसके प्रेमी और उसकी बहन को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।' पुलिस ने बताया, हमने दोनों को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया, ह्यदोनों भाई और बहन, युवती के चरित्र पर शक करते थे और अक्सर उससे झगड़ा करते थे। मामले में आगे की जांच जारी है।'

## मुंबई में करोड़ों की लूट मामले में फरार दो आरोपी चुरू से गिरफ्तार



**जयपुर :** राजस्थान पुलिस के एक विशेष दल ने मुंबई में करोड़ों की लूट मामले में फरार दो आरोपियों को चूरू से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करोड़ों रुपये के हीरे के आभूषण, सोने के बिस्कुट व नकदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि रविवार को राजासर बीकानेर रोड पर देराजसर के पास कार सवार महेन्द्र व मनोज को पकड़कर गहनता से पूछताछ की गई। उसने बताया कि महेन्द्र ने अपने साथी किशन नाथ और अशोक के साथ मिलकर महाराष्ट्र के मुंबई में एक ज्वैलर से सोना व हीरे जड़ित आभूषण व नकदी की लूट करना स्वीकार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस दल ने करीब 1.10 करोड़ रुपए के आभूषण, एक किलोग्राम सोने के बिस्कुट व 18 लाख रुपये नकद बरामद किये। उसने बताया कि लाडनूं निवासी हरिराम तेलंगाना के हैदराबाद में ज्वैलर का काम करता है। हरिराम 31 मई की सुबह आभूषण लेकर मुंबई गया था। पुलिस ने बताया कि सफेद इनोवा कार मे आये चार युवकों ने खुद को दिल्ली की अपराध शाखा का अधिकारी बताकर पीड़ित से लूट को अंजाम दिया था। उसने बताया कि करीब दो करोड़ 62 लाख रुपये की लूट की घटना पर मुंबई में थाना सायन में प्रकरण दर्ज हुआ था। आरोपियों का सुराग लगाते हुए मुंबई पुलिस चूरू पहुंची, जहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## सात साल बाद विक्टिम को मिला इंसाफ

### दूसरी मंजिल से धक्का देकर हत्या करने के दोषी को उम्रकैद

**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने 2016 में एक झगड़े के बाद एक व्यक्ति को एक इमारत की दूसरी मंजिल से धक्का देकर उसकी हत्या करने के जुर्म में 30 वर्षीय एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनायी है। कल्याण में सत्र न्यायाधीश एस बी काचरे ने शनिवार को दिए आदेश में जनार्दन हरिराम वर्मा पर 7,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। अभियोजक ने अदालत को बताया कि घटना के वक्त विनोद कुमार चौधरी की आयु 37 वर्ष थी।



वह कल्याण इलाके में अदिवाली गांव की एक इमारत में एक डेवलपर के कार्यालय में जाया करता था, जहां दूसरी मंजिल पर एक महिला का घर भी था जो एक बार में काम करती थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, चौधरी की महिला से दोस्ती हो गयी और उनके बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। उसने बताया कि डेवलपर के कार्यालय में काम करने वाले वर्मा को यह पसंद नहीं आया और उसने महिला से चौधरी के साथ रिश्ता खत्म करने को कहा। अभियोजन पक्ष ने बताया कि 22 जुलाई 2016 को जब चौधरी महिला के घर आया तो आरोपी भी वहां पहुंचा और दोनों ने शराब पी जिसके बाद उनके बीच झगड़ा हुआ।

अभियोजन ने अदालत को बताया कि इसके बाद आरोपी ने चौधरी को इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित घर के छज्जे से धक्का देकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## असली शिवसेना किसी के आगे नहीं झुकी लेकिन अब एकनाथ शिंदे दिल्ली में 'मुजरा' करते हैं, संजय राउत का तंज

**मुंबई:** उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तीखा हमला बोला है। राउत ने कहा कि पहले शिवसेना का आलाकमान महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में था लेकिन अब शिंदे का आलाकमान दिल्ली में है। एकनाथ शिंदे नाम तो



बालासाहेब ठाकरे का लेते हैं। वह शिवसैनिक और शिवसेना की बात करते हैं लेकिन दिल्ली में ह्यमुजरा' करते हैं। संजय राउत ने कहा कि असली शिवसेना दिल्ली में कभी किसी के आगे नहीं झुकी। हमने कभी भी दिल्ली की गुलामी नहीं की. उन्होंने शिंदे पर तंज कसते हुए कहा कि अगर आपको अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करना है तो यहीं मुंबई में बैठकर करना चाहिए। शिंदे- फडणवीस सरकार की स्थापना होकर एक साल बीत गया है लेकिन अभी तक दूसरा कैबिनेट विस्तार नहीं हुआ।




# नालासोपारा में कुएं की सफाई के दौरान मिली मानव खोपड़ी मची सनसनी



**नालासोपारा।** नालासोपारा में एक कुएं सफाई के दौरान एक प्लास्टिक की थैली में एक मानवी खोपड़ी मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की जनकारी मिलते ही नालासोपारा पुलिस मौके पर पहुंची और खोपड़ी को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है, आप को बता दे की मंगलवार की दोपहर नालासोपारा पश्चिम गास टाकी रोड स्थित कुएं की सफाई के लिए कुछ स्थानीय बच्चे कुएँ मे उतरे थे। सफाई के दौरान उन लोगो को पानी में एक थैले में एक मानव खोपड़ी मिली। बतादे की उक्त कुएँ के पानी का उपयोग आसपास के ग्रामीणों द्वारा पीने के लिए किया जाता है। स्थानीय लोगों ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया है कि इस कुएँ के आसपास की जगह पर रात बेरात कुछ नशेड़ी व चर्सी लोग हर रोज चरस एवं गांजा और शराब पीते नजर आते है। उन्ही नशेड़ियों चरसीयो द्वारा कोई बड़ा अपराध अंजाम दिया गया हो सकता है। ग्रामीणों के आरोप अपनी जगह पर है लेकिन मामले का खुलासा करने नालासोपारा पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि ये मानवी खोपड़ी है किसकी? किसी पुरुष की है या कीसी महिला की? यह खोपड़ी कब और कैसे इस तरह कुएँ मे फेंकी गई? कुएँ मे मिली खोपड़ी सिर्फ एक कंकाल मात्र दिखाई दे रही थी जिससे मामले मे पुलिस के लिए जाँच कर पाना आसान प्रतीत नहीं हो पा रहा है।

# पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक खौफनाक वाकया सामने आया है। जहां शख्स ने एक युवती पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। मुंबई पुलिस ने बुधवार को कहा कि धारावी इलाके में 20 वर्षीय महिला को जलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शख्स की पहचान नंदकिशोर पटेल के रूप में हुई है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित महिला 70 फीसदी जलने की वजह गंभीर हालत में है। पीड़िता का शहर के सायन अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर महिला पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। फिलहाल पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आरोपी के इस नृशंस घटना को अंजाम देने के पीछे क्या मंशा थी। धारावी पुलिस आरोपी से सख्ती से पूछताछ कर रही है।

# 'मेरे नेता अमित शाह, जल्दी ही उनसे मिलूंगी'

**मुंबई।** जब रावण की अंतिम घड़ी आई तो उसे मुक्ति नहीं मिल रही थी। देवी पार्वती ने महादेव से कहा कि रावण आपका परम भक्त रहा है। इसे इतना क्यों भोगना पड रहा है। महादेव ने जवाब में कहा कि इस व्यक्ति में कई खूबियां हैं, लेकिन इसने एक स्त्री का अपमान किया है। इतना ही नहीं साधू के वेश में स्त्री का अपमान किया है। यह कहानी कहते हुए बीजेपी की नेता पंकजा मुंडे ने (3 जून, शनिवार) अपना दर्द बयान किया है। उन्होंने कहा कि वे जल्दी ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करने वाली हैं। आज गोपनाथ मुंडे की पुण्य तिथि है। उनकी बेटी पंकजा मुंडे को लेकर चर्चा है कि वे बीजेपी छोड़ सकती हैं। इन चचाओं के बीच बीजेपी के दिवंगत नेता की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंकजा मुंडे कभी गरजीं, कभी उनका गला भर आया। पंकजा मुंडे ने कहा कि, 'अमित शाह मेरे नेता हैं। मैं जल्दी ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करने वाली हैं। मैंने अमित शाह से मुलाकात का वक्त मांगा है।' उन्होंने कहा कि वे किसी के कंधे पर बंदूक रख कर वार करने वाली शख्सियत नहीं हैं और ना ही कोई उनके कंधे का इस्तेमाल कर सके, इतनी कमजोर हैं। पंकजा मुंडे ने इस मौके पर अपने पिता की लाइन दोहराते हुए कहा कि मैं ना रुकूंगी, न थकूंगी और ना ही किसी के आगे झुकूंगी।

# 'महाराष्ट्र के भावी उद्ध नाना पटोले'... लोकसभा की तैयारियों के बीच कांग्रेस नेता के समर्थकों ने लगाये बैनर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि उससे पहले लोकसभा चुनाव होंगे। जिसके मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों ने सियासी रण में प्रतिद्वंदियों को मात देने की तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव को लेकर नेता से लेकर कार्यकर्ता तक जोर-शोर से जुटे हैं। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का महाराष्ट्र के भावी सीएम के रूप में लगाये गए पोस्टर चर्चा का विषय बन गए हैं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले जगह-जगह 'भावी मुख्यमंत्री' लिखे पोस्टर दिखने लगे हैं। सोशल मीडिया पर भी 'भावी विधायक, पार्षद, सरपंच' जैसे भावी नेताओं की संख्या भी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे ही एनसीपी नेता अजित पवार, सांसद सुप्रिया सुले, उद्धव ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे का भी नाम भावी मुख्यमंत्री के तौर पर



पेश किया जा सकता है और अब इसमें कांग्रेस नेता नाना पटोले का भी नाम शामिल हो गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का 5 जून को जन्मदिन है। इसके चलते उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वाले बैनर भंडारा में लगाए गए हैं। कई बैनरों पर नाना पटोले को भावी मुख्यमंत्री बताया गया है। इसके अलावा बैनर पर किसान पुत्र भी लिखा गया है।

**नाना पटोले ने दी प्रतिक्रिया**

कांग्रेस के दिग्गज नेता नाना पटोले ने अपने भावी मुख्यमंत्री वाले बैनर पर कहा, किसी को भी ऐसे पोस्टर नहीं लगाने चाहिए। मैं अपना जन्मदिन सामाजिक कार्य करके मनाना चाहता हूं।

**कांग्रेस ने कसी कमर!**

इस बीच, महाराष्ट्र में कांग्रेस ने 41 लोकसभा सीटों की समीक्षा की है जबकि मुंबई के छह निर्वाचन क्षेत्रों के साथ ही चंद्रपुर सीट की समीक्षा अलग से की जाएगी। पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि महाविकास आघाडी (एमवीए) की बैठक में सीटों के बंटवारे पर चर्चा की जाएगी। पटोले ने कहा कि बीजेपी को हराने के संकल्प के साथ कांग्रेस उत्साह से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं।

# 20 साल पहले की थी हत्या, अब चढ़ा पुलिस के हत्थे



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 20 साल पहले एक कपड़ा व्यापारी की हत्या हुई थी। इस हत्या के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने 20 साल पुरानी मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी सुलझा ली है। साल 2003 में मुंबई के सांताक्रुज पुलिस स्टेशन में एक कपड़ा व्यापारी की हत्या का मामला दर्ज किया गया था। जिसे 20 सालों की लंबी जांच पड़ताल के बाद आखिरकार आरोपी को गिरफ्त में लिया गया है। दरअसल, 2003 में आपसी बहस के चलते कपड़ा व्यापारी दीपक राठौड़ की हत्या उसी के ही साथी रूपेश ने कर दी थी। हत्या कर आरोपी रूपेश फरार हो गया था। फरार आरोपी कई राज्यों में अपनी पहचान बदलकर रह रहा था। इस बीच आरोपी ने अपने नकली नाम के साथ आधार कार्ड भी बनवा लिया था।

**बिहार का रहने वाला है आरोपी**

पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। दो दशक पहले वह मृतक व्यक्ति ने साथ दिल्ली से मुंबई व्यापार के सिलसिले में आया था। लेकिन एक दिन खाने के वक्त दोनों में किसी विषय को लेकर बहस हो गई। इसके बाद आरोपी ने मृतक पर चाकू से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली।

**टूरिस्ट गाइड और ड्राइविंग का करने लगा था काम**

जिस समय आरोपी ने हत्या को अंजाम दिया। उस वक्त उसकी उम्र 22 साल थी। हत्या के बाद आरोपी एक लाख 30 हजार की रकम लेकर भी फरार हो गया था। फरार आरोपी दिल्ली, गुजरात जैसे शहरों में टूरिस्ट गाइड से लेकर ऑटो ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। इस दौरान मुंबई पुलिस अलग अलग शहरों में सुराग की तलाश में जुटी रही। साथ ही आरोपी के रिश्तेदारों से भी सबूत इखट्टा करती रही। लगातार 20 साल से चली जांच पड़ताल के बाद आखिरकार मुंबई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# संस्कार शिक्षण शिविर का समापन बिना संस्कार का मन विस्फोटक की तरह है मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज



**भोपाल।** दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के तत्वाधान में श्रमण संस्कृति सांगानेर के सहयोग से भोपाल के मंदिरों में श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन हो रहा था शिविर का समापन चौक जैन धर्मशाला में आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज मुनि श्री निर्लोभ सागर महाराज और मुनि श्री निरुपम सागर महाराज के सानिध्य में हुआ जिसमें राजधानी की सभी मंदिरों में संचालित पाठशाला के बच्चे एवं शिविरआर्थी एकत्रित हुए दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के मंत्री मनोज आरएम ने बताया शिविर में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के साथ अध्यात्म और जीवन जीने की कला विकसित करने की शिक्षा दी गई इसके लिए सांगानेर संस्थान जयपुर से विद्वान आए थे।

दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा एवं अन्य पदाधिकारियों ने विद्वानों का सम्मान किया और शिविरार्थियों जी को प्रमाण पत्र दिए गए संचालन मनोज आर एम द्वारा किया गया आशीष वचन में मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज ने कहा भारतीय शिक्षा पद्धति भारतीय संस्कृति और संस्कारों को प्राथमिकता दी जाना चाहिए ज्ञान हमेशा आचरण युक्त होना चाहिए।

शिक्षा ऐसी हो जिससे युवा व्यसन मुक्त युवतीया फैशन मुक्त और माता-पिता टेंशन मुक्त रहे और संपूर्ण समाज मिलकर आपसी सामंजस्य के साथ देश के विकास में निरंतर प्रयत्न शील रहे संस्कार शिविर में चौक जैन मंदिर अशोका गार्डन नंदीश्वर जिनालय कस्तूरबा नगर टीटी नगर शंकराचार्य नगर पिपलानी अयोध्या नगर सहित अनेक मंदिरों के लोग शामिल थे इस अवसर पर ट्रस्ट के हुकुमचंद जैन विपिन जैन एम पी टी अभिराज जैन एडवोकेट ऋषभ जैन नितेश मामा अरविंद जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# शहर में घूम रहा बाघ, पुलिस और फारेस्ट अलर्ट सारनी एवं पाथाखेड़ा कोयलांचल क्षेत्र के लोग दहशत में

## दो दिनों से रात में देखा जा रहा है बाघ, मुनादी की तैयारी



सारनी। सारनी क्षेत्र में एक बार फिर टाइगर की वापसी हुई है। इससे जहां फारेस्ट और पुलिस अलर्ट है। वहीं एबी-टाइप कालोनी के रहवासी दहशत में है। सतर्कता के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा संदेश जारी किया है। घर से अकेले नहीं निकलने की अपील की है। दरअसल सारनी क्षेत्र में घूम रहा बाघ जंगली है। इसके गले में कॉलर आईडी नहीं है। इसके चलते वन अमला अलग-अलग टीमों के जरिए बाघ पर पूरी तरह नजर बनाए हुए हैं। वन विभाग की टीम 24 घंटे सीएचपी, राख बांध, एबी-कालोनी, स्कीमर वाल, पावर प्लांट और आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर पल-पल की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों से शेयर कर रहे हैं।

### दो दिनों से घूम रहा है बाघ

सारनी में दो दिनों से बाघ घूम रहा है निरीक्षण करने पर दिन में (फुटप्रिंट) पगमार्क मिलते हैं। जबकि बाघ की झलक अक्सर रात में ही दिखाई देती है। अब तक सीएचपी, एबी-टाइप कालोनी और राख बांध पर बाघ दिखाई दिया है पर अंधेरे की वजह से कैमरे में कैद नहीं हो सका। बार बार रिहायशी क्षेत्र व आसपास बाघ दिखाई देने से वन विभाग चिंतित है। बाघ की सुरक्षा में कोई भी चूक नहीं रह जाए इसको लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पूरा वन अमला निगरानी में लगा है। लेकिन मीडिया से वन विभाग खुलकर कुछ नहीं बता रहा अच्छी बात यह है कि वन विभाग द्वारा बाघ की मूवमेंट होने की बात स्वीकार की है।

### टाइगर इज बेक

अक्टूबर 2018 में पहली बार राजेगांव के एक खेत में टाइगर कैमरे में कैद हुए इसके बाद 1 दिसम्बर को एबी-टाइप कालोनी बाघ कैद हुआ जिसे 10 दिन बाद ट्रेंक्यूलाइज किया गया। जिसे एसटीआर मढ़ई में छोड़ा गया। यही बाघ फरवरी 2019 में पुनः सारनी वापस आ गया जिसे दोबारा दोबारा ट्रेंक्यूलाइज कर ऑब्जर्वेशन में रखकर वन विहार भोपाल में छोड़ दिया गया। इसके बाद से कई बार बाघ की मूवमेंट मिलती रही। एसटीआर की टीम कॉलर आईडी से बाघ पर निगरानी रखते रहे लेकिन बीते दो दिनों से जो बाघ सारनी में घूम रहा है उसमें कॉलर आईडी नहीं होने से उस पर निगरानी रखना मुश्किल हो रहा है।

**इनका कहना**

बाघ की मूवमेंट है रेस्क्यू टीम संपर्क में है सारणी और आसपास के क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जा रही है। लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**एस नायक, प्रभारी, रेंजर सारनी।**

सारनी क्षेत्र में टाइगर घूम रहा है। रात में देखा गया है। लोगों से अपील है कि सुबह और शाम के समय कोई भी अकेले घर से नहीं निकले। घर में सतर्क और सुरक्षित रहे।

**रत्नाकार हिंग्वे, टीआई, सारनी।**

# कृषकों के लिए वरदान श्री अन्नः डीएम

## श्री अन्न को अपनाकर आमजनमानस जीवनशैली में लायें बदलाव, फास्टफूड से दूरी बनायें



**ललितपुर।** जिलाधिकारी द्वारा आज विकास खण्ड मड़ावरा के ग्राम हंसरी के कृषक राजेश साहू के प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर अन्न उत्पादन कार्यक्रम का आरम्भ किया गया तथा उनके द्वारा खेती किसानी में किये जा रहे अभिवन प्रयोगों व बागवानी तथा शाकभाजी की खेती का अवलोकन किया। इस मौके पर कृषक द्वारा एक एकड़ क्षेत्रफल पर ज्वार की प्रजाति सी0एस0वी0-17 की बुवाई की गयी।

श्री अन्न के उत्पादन में अधिक-से-अधिक कृषकों को सहभागी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा उप कृषि निदेशक संतोष कुमार सविता को यथा शीघ्र उन्नत प्रजातियों के बीज समुचित मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा श्री अन्न को आज की आवश्यकता बताते हुये जिलाधिकारी द्वारा आम जनमानस से जीवन शैली में बदलाव व बाजार में उपलब्ध फास्टफूड से दूरी बनाने का आह्वान किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि श्री अन्न का उत्पादन लगातार गिरते मृदा स्वास्थ्य के लिए भी वरदान है क्योंकि परम्परागत खेती में अत्यधिक मात्रा में डी0ए0पी0 व यूरिया का उपयोग हो रहा है जबकि इसकी खेती में उनकी आवश्यकता अन्य फसलों की तुलना में न्यूनतम है। साथ-ही-साथ अत्यधिक मात्रा में कीड़े-मकोड़ों के प्रकोपों से फसलों को बचाने हेतु उपयोग किये जा रहे जहरीले रसायन न केवल हमारे प्राकृतिक संसाधनों को प्रदूषित कर रहे है बल्कि जीव-जन्तुओं के सामने भी अस्तित्व का संकट पैदा कर रहे है।

श्री अन्न की खेती कृषकों की प्रति एकड़ आमदनी में वृद्धि करेगी बल्कि आम जनमानस द्वारा इसका उपयोग या खानपान में शामिल करने से शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों व औषधीय गुणों के भरपूर होने के कारण लोगों को विभिन्न व्याधियों से बचने हेतु शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को शसक्त बनाने में भी अपना योगदान देगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अनिल कुमार पाण्डेय, उप कृषि निदेशक श्री संतोष कुमार सविता, ए0आ0 कॉपरेटिव श्री एन0के0 गुप्ता उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्ट नई किरण ने 01 परिवार का कराया पुनर्मिलन

ललितपुर। रविवार को स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में तथा प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चंद्र की उपस्थिति मे प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 01 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया, 01 परिवार खुशी– खुशी साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 09 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डॉ एसव पी व पाठक, डॉ दीपक चौबे, श्रीमती सुधा कुशवाह, एड अरमान अजीज कुरेशी, डॉ जनक किशोरी शर्मा, डॉ भगवद् नारायण शर्मा डॉ जनक किशोरी शर्मा, ,नई किरण में महिला थानाध्यक्ष मिथलेश कुमारी, महिला आरक्षी दिव्या,मव आव अंजू, महिला आ0 नीलम आदि का विशेष सहयोग रहा।




# पानी से हवा हुई ओमवती की परेशानी

ग्वालियर। गाँव के अंतिम छोर पर घर होने से ओमवती काफी परेशान रहती थीं। उनकी परेशानी की वजह थी हैण्डपंप से घर की अधिक दूरी । पेयजल और निस्तार संबंधी जरूरतों के लिए पानी ढोते-ढोते वे थक जातीं थीं। जल जीवन मिशन ने उनकी यह परेशानी दूर कर दी है। ओमवती कहती है पानी ने हमारी परेशानी हवा कर दी है।



ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत भितरवार के ग्राम पुरी निवासी श्रीमती ओमवती कहती है जब से हमारे गाँव में नल-जल योजना की टंकी बनी है,तब से हमें बड़ी राहत मिली है। पहले जैसे-तैसे अपने उपयोग के लिए तो हम पानी ढो लेते थे, पर पशुओं के लिए पानी ढोने में थक कर चूर हो जाते। जाहिर है किसी और काम में मन नहीं लगता था। वे बताती हैं अब हम अपने घर के नल की टोंटी खोलकर पानी भर लेते है। पशुओं को पानी पिलाने के साथ उन्हें अब हम नहलाने भी लगे हैं। इसी तरह श्री राजू पाल बोले कि पहले हमने गर्मी के मौसम में बड़ी परेशानी झेली हैं। गर्मी आते ही हैण्डपंप का जल स्तर गिर जाता और पानी के लिए लाइन लगानी पड़ती। गाँव में नल जल योजना की टंकी को पाइप लाइन से जोड़कर जब से घर-घर में नल लगवाए गए हैं, तब से हमें बड़ी सुविधा हो गई है। वे कहते हैं कि घर-घर नल से पानी उपलब्ध कराने के लिए हम गाँववासी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के सदैव आभारी रहेंगे।

# टीकमगढ़ जिले में नवीन नलकूप खनन प्रतिबंधित कलेक्टर ने दिया आदेश

**टीकमगढ़** । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सुभाष कुमार द्विवेदी ने टीकमगढ़ जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र व परिसीमा को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है तथा आदेशित किया है कि कोई भी व्यक्ति टीकमगढ़ जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा के बगैर किसी भी प्रयोजन के लिये नवीन नलकूप खनन नहीं करेगा । सम्पूर्ण जिले में यह आदेश तत्काल प्रभाव से 15 जुलाई 2023 अथवा पर्याप्त वर्षा होने तक प्रभावशील होगा । अधिनियम के प्रावधान लागू होने की तिथि से कोई भी व्यक्ति पेयजल स्त्रोत तथा समस्त नदी, नालों, तालावों, बावड़ियो आदि स्त्रोतों का उपयोग सिंचाई अथवा औद्योगिक, व्यावसायिक प्रयोजन हेतु ( जिसमें जिलांतर्गत संचालित समस्त निजी वाहन धुलाई सेन्टर भी शामिल है ), सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर पेयजल का दुरूपयोग नहीं करेगा व उपलब्ध शासकीय पेयजल/ हैण्डपम्प/नलकूप आदि के 200 मी. परिधि में निजी उद्देश्यों के लिये हैण्डपम्प अथवा ट्यूबवैल खनन नहीं करेगा । इस दौरान शासकीय विभागों द्वारा लोक हित में पेयजल हेतु नलकूपों का खनन छोड़कर सभी प्रकार के नलकूपों के खनन प्रतिबंधित रहेंगे । कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लिखित अनुशंसा पर, विशेष परिस्थितियों में व आपातिक स्थिति की दशा में क्षेत्रांतर्गत अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी पेयजल हेतु निजी नलकूप खनन की अनुमति दे सकेंगे ।

# सरकार ने एफडीसी की 14 दवाओं पर लगाया प्रतिबंध, इसमें खांसी और बुखार की दवाइयां भी शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने एफडीसी की 14 दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसमें खांसी और बुखार की दवाइयां भी शामिल हैं। सरकार ने अधिसूचना में कहा कि ये दवाइयां लेने से जान का खतरा है। इसलिए इनका कोई चिकित्सीय महत्व नहीं है। बैन की जाने वाली दवाओं में निमेसुलाइड और घुलनशील पेरासिटामोल गोलियों एवं क्लोफेनिरामाइन मैलेट तथा कोडीन सीरप जैसी दवाएं शामिल है। 'फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन' (एफडीसी) वाली इन दवाओं पर प्रतिबंध लगाने के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी की थी।

## इन दवाओं पर प्रतिबंध

प्रतिबंधित दवाओं में सामान्य संक्रमण, खांसी और बुखार के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली मिश्रित दवाएं शामिल हैं। इनमें निमेसुलाइड व पेरासिटामोल की घुलनशील गोलियां, क्लोफेनिरामाइन मैलेट + कोडीन सीरप, फोलकोडाइन + प्रोमेथाज़िन, एमोक्सिसिलिन + ब्रोमहेक्सिन और



ब्रोमहेक्सिन + डेक्सट्रोमेथोर्फन + अमोनियम क्लोराइड + मेन्थॉल, पैरासिटामोल + ब्रोमहेक्सिन+ फिनाइलफ्राइन + क्लोरफेनिरामाइन + गुइफेनेसिन और सालबुटामोल + ब्रोमहेक्सिन के नाम हैं।

## विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद उठाया कदम

सरकार ने यह कदम विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह कदम उठाया है । विशेषज्ञ समिति ने सरकार को भेजी अपनी सिफारिश में कहा कि इन एफडीसी ( फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ) दवाओं का कोई चिकित्सीय औचित्य नहीं है और इन दवाओं को लेने से मानव जीवन में खतरा पैदा हो सकता है ।

# चारधाम तीर्थयात्रियों की संख्या 20 लाख के पार

## 20 लाख अब भी कतार में, भीड़ कंट्रोल करने केदारनाथ के रजिस्ट्रेशन 15 जून तक बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के तीर्थयात्रियों की संख्या 20 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। इतना ही नहीं 4 जून तक 40 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। उत्तराखंड सरकार के मुताबिक अब तक सबसे ज्यादा 7.13 लाख तीर्थयात्री बाबा केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 15 जून तक केदारनाथ धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किए गए हैं।



उत्तराखंड के चार धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हुई है। पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक मौसम साफ होने पर रोजाना 60 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर रहे हैं।

आईपीएल खत्म होने के बाद क्रिकेटर ईशांत शर्मा भी केदारनाथ धाम पहुंचे। ईशांत के साथ बास्केटबॉल टीम के पूर्व कप्तान त्रिदीप राय, प्रशांति सिंह, महिला बास्केटबॉल टीम की पूर्व कप्तान पद्मश्री, बॉस्केटबॉल खिलाड़ी दिव्या सिंह भी केदारनाथ पहुंचीं और बाबा का आशीर्वाद लिया।

## छोटे कपड़े पहनकर मंदिर नहीं जा सकेंगी लड़कियां

उत्तराखंड के तीन मंदिरों में महिलाओं और लड़कियों के लिए ड्रैस कोड लागू किया गया है । हरिद्वार के दक्ष प्रजापित मंदिर, पौड़ी के नीलकंठ महादेव मंदिर और देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर में लड़कियां छोटे कपड़े पहनकर दर्शन के लिए नहीं जा सकेंगी । इन तीनों मंदिरों को मैनेज करने वाले महानिर्वाणी अखाड़े ने यह आदेश जारी किया है ।

# पाठ्य-पुस्तक में भगवान परशुराम की जीवन गाथा शामिल होगीः मुख्यमंत्री

## संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि और निर्धन विद्यार्थियों को देंगे उच्च शिक्षा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में इंदौर के निकट, भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव को अध्यात्म और पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। जानापाव एक दिव्य और भव्य केन्द्र के रूप में उभर कर आएगा। राज्य शासन ने भगवान परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश के साथ मंदिरों के पुजारियों के लिए मानदेय और संस्कृत विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों, जो धार्मिक संस्कारों को सम्पन्न करवाने में दक्ष हो रहे हैं, को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की है। कक्षा एक से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 8 हजार और कक्षा 6वीं से 12वी तक के विद्यार्थियों को 10 हजार रूपए की राशि देने की पहल की गई है। पाठ्य-पुस्तकों में भगवान परशुराम की जीवन गाथा भी पढ़ाई जाएगी।



मुख्यमंत्री श्री चौहान आज जंबूरी मैदान, भोपाल में ब्राह्मण महाकुंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मंदिरों की भूमि को कलेक्टर द्वारा एक वर्ष के लिए नीलाम करने के पूर्व के प्रावधान में परिवर्तन कर यह अधिकार पुजारी को दिया गया है। साथ ही मंदिर में पूजा, आराधना और आरती जैसे कार्यों के लिए पुजारी को सहयोग देना आवश्यक है। बिना कृषि भूमि क्षेत्र के मंदिरों के लिए 5 हजार रूपए की मासिक राशि प्रदान करने के साथ ही मंदिरों का सर्वे करवाने का कार्य किया जाएगा।

ब्राह्मण समाज के मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा सुविधा दी जाएगी। ब्राह्मण समाज के लिए भोपाल में उपलब्धता के आधार पर भूमि का प्रबंध किया जाएगा, जिससे शिक्षण व्यवस्थाओं और सामाजिक कार्यों के लिए व्यवस्थाएँ करने में आसानी हो। पृथक आयोग या बोर्ड गठित करने के सुझाव पर भी समाज के प्रमुख व्यक्तियों से चर्चा और विचार-विमर्श के बाद आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जो ब्रह्म या ईश्वर को जान ले वह ब्राह्मण है। भारतीय जीवन-मूल्यों और संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य ब्राह्मणों ने किया है। आज भारत के एक होने का प्रमुख कारण आदि शंकराचार्य जी द्वारा भारत को जोड़े जाने का किया गया महत्वपूर्ण कार्य है। ओंकारेश्वर में शंकराचार्य जी की प्रतिमा स्थापना और अद्वैत संस्थान स्थापित करने का कार्य चल रहा है।

हमारी परम्पराएँ हों या साहित्य का क्षेत्र या विज्ञान, राजनीति, भूगोल आदि का क्षेत्र, ऐसी कोई विधा नहीं है जिसमें ब्राह्मण दक्ष नही हैं, यदि चाणक्य नहीं होते तो चंद्रगुप्त भी नहीं होते। भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के लिए पहली गोली मंगल पाण्डे की चली थी।

## सीनियर कांग्रेस लीडर सैम पित्रोदा बोले

# पीएम मोदी हर जगह इज्जत पाने के हकदार हैं, ये देखकर मुझे गर्व होता है

**वॉशिंगटन।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी हर जगह इज्जत पाने के हकदार हैं और यह देखकर मुझे गर्व होता है। पित्रोदा ने यह बात पीएम मोदी के अमेरिका दौरे से पहले कही है। पित्रोदा इन दिनों राहुल गांधी के छह दिनी अमेरिकी दौरे पर उनके साथ हैं।

इस दौरे पर राहुल गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा की आलोचना की, लेकिन रूस-यूक्रेन जंग के मामले में उन्होंने देश की विदेश नीति की तारीफ भी की। इसे लेकर पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी जानते हैं कि भारत कब कहां क्या सही कर रहा है और हम सब इसमें भाजपा के साथ हैं।

## मोदी को सम्मान मिल रहा है क्योंकि वे भारतीय पीएम हैं

एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि किसी ने मुझे बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री को आजकल बहुत सत्कार मिल रहा है। इसे लेकर मैं खुश हूं क्योंकि आखिर वे मेरे भी प्रधानमंत्री हैं। उन्हें ये सम्मान सत्कार इसलिए मिल रहा है कि क्योंकि वे भारतीय पीएम हैं। इसलिए नहीं कि वे भाजपा के पीएम हैं। ये दोनों दो अलग बातें हैं। पित्रोदा ने कहा कि



150 करोड़ आबादी वाले भारत के प्रधानमंत्री हर जगह इज्जत पाने के हकदार हैं। इस बात पर मुझे गर्व हैं, इसमें बुरा मानने की कोई बात नहीं है। लेकिन वे इस बात का गलत मतलब निकालेंगे। वे बातों को घुमा देते हैं और उन्हें पर्सनल अटैक में बदल देते हैं। इसे तो लोकतंत्र नहीं कह सकते न। दूसरों के लिए थोड़ी इज्जत तो रखिए।

## ये झूठ है कि राहुल की अमेरिका ट्रिप को मुस्लिमों ने स्पॉन्सर किया

पित्रोदा ने आगे कहा कि आप सोशल मीडिया पर झूठी बातें फैलाने के लिए 50 लोगों को हमारे पीछे लगा देंगे। ये झूठ भी फैलाया गया कि राहुल की ट्रिप को मुस्लिमों ने स्पॉन्सर किया है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 06 जून 2023



# कोई जवाब नही साउथ की इन एक्ट्रेस की पॉपुलैरिटी का...!



**साउथ** इंडस्ट्री में टॉप एक्ट्रेसस की बात करें तो उस लिस्ट में कई एक्ट्रेसेस शामिल हैं। अपनी कमाल की एक्टिंग और सुंदरता से ये एक्ट्रेस अपने फैंस के दिलों पर सालों साल से राज कर रही हैं। वहीं, अब अगर सोशल मीडिया की बात करें तो इसमें कुछ एक्ट्रेसज ऐसी भी हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग देखकर आप भी हैरान हो जाएंगे। तो आइए फटाफट से, साउथ की उन 5 एक्ट्रेसेस की बात करते हैं, जिनकी इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स काउंट काफी ज्यादा हैं।

**रश्मिका मंदाना** – इस लिस्ट में टॉप पर आती है एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना। बता दें कि रश्मिका मंदाना नेशनल क्रश भी है। सोशल मीडिया की बात करें तो इंस्टाग्राम पर रश्मिका के 38.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

**समांथा प्रभु** – अपनी कमाल एक्टिंग और खूबसूरती से करोड़ों लोगों को अपना दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं। सोशल मीडिया की बात करें तो इंस्टाग्राम पर रश्मिका के 27.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

**काजल अग्रवाल** – साउथ इंडस्ट्री में काजल अग्रवाल एक स्टैबलिश एक्ट्रेस हैं। उनकी फिल्मों में कमाल एक्टिंग को फैंस काफी ज्यादा पसंद करते है। सोशल मीडिया की बात करें तो इंस्टाग्राम पर रश्मिका के 25.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

**पूजा हेगड़े** – भले ही बॉलीवुड में पूजा का सिक्का नही चला। लेकिन साउथ इंडस्ट्री में पूजा हेगड़े का अच्छा खासा नाम है। सोशल मीडिया की बात करें तो इंस्टाग्राम पर रश्मिका के 23.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

**श्रुति हासन** – लंबे समय से फैंस पर अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से अपना जादू चला चुकी एक्ट्रेस श्रुति हासन इस लिस्ट में पांचवे पायदान पर हैं। सोशल मीडिया की बात करें तो इंस्टाग्राम पर रश्मिका के 23.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।









## मालदीव में पति और बच्चों के साथ पूल में मस्ती करती दिखीं सनी लियोन, शेयर किया वीडियो

बॉलीवुड हसीना सनी लियोन इन दिनों चचाओं में हैं. हाल ही में सनी लियोन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया था. एक्ट्रेस के लुक की जमकर तारीफ हुई थी. अब सनी लियोन अपनी फैमिली के साथ मालदीव में क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं. अपनी ट्रिप की बेहद खूबसूरत वीडियो सनी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है, जिसमें सनी लियोन पति डेनियल वेबर और अपने तीन बच्चों बेटी निशा और जुड़वां बेटों नूह और अशर के साथ पूल में मस्ती करती दिख रही हैं. सनी लियोन ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'यही है @dirrty99 और मैं इसके लिए बहुत मेहनत करती हूं. निशा, आशेर और नूह की ये स्माइल.' इस वीडियो में सनी और उनके बच्चे बीच पर मस्ती करते हुए दिखाई दे रहे हैं. फैंस इस वीडियो पर काफी कमेंट कर रहे हैं.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .